9 अध्याय

# भारत–2019 (कल, आज और कल)

**इस अध्याय में आप सीखेंगे कि:**

- इस अध्याय में आपको विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में की जा रही नवीन पहल की जानकारी प्रदान की गई हैं।
- साथ ही, कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही नवीन तकनीको सूचनाएँ प्रदान की गई हैं।

## नवीन पहल (New Initiatives)

| नवीन पहल | देश में प्रथम |
|---|---|
| • देश की पहली एलएनजी (LNG) बस सेवा का प्रारम्भ | **तिथि**– 8 नवम्बर 2016 को प्रारम्भ, **स्थान**– तिरूवनंतपुर (केरल में) |
| • देश की पहली वाटर मेट्रो परियोजना का प्रारम्भ | **तिथि**– 23 जुलाई 2016 को प्रारम्भ, **स्थान**– कोच्चि (केरल में)<br>***नोट:*** कोच्चि वाटर मेट्रो योजना के नाम से प्रारम्भ यह योजना कोच्चि के द्वीपों को कोच्चि शहर से जोड़ने का कार्य करेगी। |
| • देश की प्रथम सेमी हाई–स्पीड ट्रेन | **तिथि**– 8 अप्रैल 2016 को प्रारम्भ, **स्थान**– नई दिल्ली से आगरा तक, **ट्रेन का नाम**– गतिमान एक्सप्रेस, **स्पीड**– 160 किमी/घण्टा।<br>***नोट:*** यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर अन्य सभी 6 दिनों तक सेवा देगी। |
| • देश का पहला अपराधियों का डीएनए प्रोफ्राइलिंग प्रारम्भ करने वाला राज्य | 20 अगस्त 2016 को आध्रप्रदेश पुलिस ने अपराधियों की डीएनए प्रोफ्राइलिंग तैयार करने हेतु डीएनए इंडेक्स सिस्टम (DNA Index System) का प्रारम्भ किया। ऐसा करने वाला आंध्र प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया। |
| • देश की पहली 2जी एथेनॉल बायो रिफाइनरी | **तिथि**– 26 दिसम्बर 2016 को प्रारम्भ, **स्थान**– पंजाब के भटिंडा जिले के तरखनवाला स्थान पर, **कुल व्यय**– 600 करोड़ रूपये, **स्थापना**– सार्वजनिक उपक्रम एचपीसीएल द्वारा। **उद्देश्य**– सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने तथा पर्यावरणीय चिंताओं को कम करने के लिए पेट्रोल में मौजूदा 5 प्रतिशत एथेनाल के स्थान पर 10 प्रतिशत एथेनाल मिलाना तय किया है। एथेनाल की आवश्यकता पूर्ति के लिए इस रिफाइनरी की स्थापना की है। यह रिफायनरी कृषि अपशिष्टों का प्रयोग कर प्रतिदिन 100 किलोलीटर एथेनाल का उत्पादन करेगी। |

**नवीन पहल**

**देश में प्रथम**

- देश का प्रथम नदी जिला

**तिथि**– जून 2016, **स्थान**– मांजुली, असम

***नोट:*** 880 वर्ग किमी क्षेत्रफल में विस्तृत यह द्वीप बह्मपुत्र नदी (असम) पर स्थित है। इसने अमेजन नदी में स्थित ब्राजील के **मराजो द्वीप** को पीछे छोड़ दिया और विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप बन गया। असम सरकार ने इसे प्रथम नदी जिला घोषित किया।

- देश की पहली पॉड टैक्सी 'मेट्रिनो'

पॉड टैक्सी में छोटे-छोटे केबिन होते हैं, जिसमें चार से पांच सवारी बैठ सकती है। यह पॉड टैक्सी स्वचालित वाहन होती है जो एक अंतराल पर हवा में लटके हुए निर्देशित मार्ग पर डॉकिंग स्टेशन से गुजरती हैं। यह टैक्सी बिना पैट्रोल-डीजल के चलती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसे चलाने के लिए किसी ड्राइवर की जरूरत नहीं पड़ती है और टैक्सी में बैठे मुसाफिर को इसमें लगे टच स्क्रीन पर केवल उस जगह का नाम टाइप करना होता है जहाँ उन्हें जाना है क्योंकि यह कम्प्यूटर प्रोग्राम के जरिये चलती है। तय स्टेशन आते ही टैक्सी रुक जाती है और दरवाजा अपने आप खुल जाता है।

***नोट:*** देश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देश की पहली पॉड टैक्सी, जिसका **नाम मेट्रिनो** है। यह दिल्ली-गुडगांव सीमा से बादशाहपुर मोड़ के बीच सोहना रोड तक चलेगी जो 13 किलोमीटर लम्बा है।

- वाहन ट्रैकिंग प्रणाली

उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम देश का पहला ऐसा परिवहन निगम है, जो अंतर-शहरी बस परिवहन के लिए वाहन ट्रैकिंग प्रणाली से युक्त है। इस प्रणाली के लागू होने से वाहन चालक, वाहन की गति सीमा के प्रति सावधानी रखता है, जिससे दुर्घटनाओं को कम करने में सहायता मिलती है।

- देश का पहला रक्षा औद्योगिक पार्क

ओट्टापलम, केरल में स्थापित।

- डाल्फिन सूचना केंद्र

देश का सबसे बड़ा घड़ियाल अभ्यारण्य चंबल में ही देश का पहला 'डाल्फिन सूचना केंद्र' **भिंड में बरही घाट** पर बनाया जाएगा।

- वाई-फाई मेट्रो शहर

**कोलकाता** देश का पहला वाई-फाई सक्षम शहर बन गया। यह रिलायंस जियो सेवा उपलब्ध करा रहा है।

- वाई-फाई सुविधा वाला पहला रेलवे स्टेशन

**बंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन** को भारतीय रेलवे ने यह सुविधा **रेल तेल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की ब्राडबैण्ड डिस्ट्रीब्यूशन इकाई 'रेलवायर'** के जरिये उपलब्ध करायी गयी है।

- देश का पहला पर्यटन विश्वविद्यालय

नोयडा, उ.प्र. में।

- राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना

थाउबल जिला, मणिपुर।

- देश का पहला कोरल गार्डन

कोरल प्रजातियों को संरक्षित करने और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **गुजरात में देवभूमि द्वारका जिले के मीठापुर तटीय क्षेत्र** में देश का पहला **कोरल गार्डन बनाया** जाएगा।

- देश का प्रथम मोनो रेल

स्वतंत्र भारत की पहली **मोनोरेल मुंबई में प्रारंभ** की गयी जिसका उद्घाटन 1 फरवरी 2014 को संपन्न हुआ।

- सर्वाधिक सेज़ (SEZ) वाले राज्य

1. तमिलनाडु (36), 2. महाराष्ट्र (25), 3. कर्नाटक (25), 4. तेलंगाना (24), 5. आंध्रप्रदेश (18)

- विश्व का सबसे ऊँचा स्थलीय अनुसंधान केन्द्र

डीआरडीओ ने **लद्दाख में पैगांग झील के पास चांगला** नामक स्थान पर दुनिया का सबसे ऊँचा स्थलीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया।

| नवीन पहल | देश में प्रथम |
|---|---|
| • डायमंड पार्क | इंगवासा गाँव, इंदौर, मध्यप्रदेश में, प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत स्थापित किया जा रहा है। |
| • देश की सबसे लम्बी सुरंग | चेनानी नाशरी सुरंग (एन.एच. 24 पर) श्रीनगर में स्थित है। इसका उद्घाटन 2 अप्रैल 2017 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। |
| • देश का पहला रेल एवं ट्रांसपोर्ट विश्वविद्यालय | वड़ोदरा, गुजरात। |
| • देश की पहली लग्जरी रेलगाड़ी | **ट्रेन का नाम**- तेजस एक्सप्रेस (20 कोच वाली आधुनिक ट्रेन), **घोषणा**- 2016-17 के रेल बजट में सुरेश प्रभु (तत्कालीक रेल मंत्री) द्वारा, **विशेष**- उच्च स्तरीय भोजन, मनोरंजन, एलसीडी स्क्रीन, वाई-फाई की सुविधा से लैस, चाय-कॉफी वेण्डिंग मशीन, पत्रिकाएं एवं स्नेक्स टेबिल, सीसीटीवी, जीपीएस आधारित यात्री सूचना डिस्प्ले। **स्थान**- छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुम्बई से करमाली गोवा के बीच, **गति**- 130 किमी/घण्टा।<br>***नोटः*** तेजस एक्सप्रेस जल्द ही दिल्ली-चण्डीगढ़ और दिल्ली-लखनऊ के बीच चलायी जायेगी। |
| • देश का ऐसा राज्य जो राज्यध्वज की मांग कर रहा है | कर्नाटक |
| • देश का पहला टाइगर रिजर्व जिसे सरकारी शुभंकर प्राप्त हुआ | कान्हा टाइगर रिजर्व (म.प्र.), **शुभांकर का नाम**- भूरसिंह (यह एक बारहसिंगा है जो विलुप्त होने की कगार पर है, इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इसे शुभांकर के रूप में लिया गया है)<br>***नोटः*** बारहसिंगा म.प्र. का राज्य पशु है। कान्हा टाइगर रिजर्व दुनिया का एक मात्र ऐसा स्थान है जहाँ हिरणों की यह प्रजाति पायी जाती है। यह रिजर्व म.प्र. का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है जो 01 जून 1955 को बनाया गया था जबकि यह टाइगर रिजर्व 1973 में बना था। यहाँ बंगाल टाइगर, भारतीय तेंदुआ, आलसी भालू, बारहसिंगा और भारतीय जंगली कुत्तों की पर्याप्त आबादी है। |
| • हैप्पीनेस डिपार्टमेण्ट गठन करने वाला देश का पहला राज्य | आम लोगों के जीवन में खुशी लाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए एक नये **हैप्पीनेस विभाग** का गठन **म.प्र.** सरकार द्वारा जुलाई 2016 में किया गया है जिसका प्रभार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं अपने पास रखा है। |
| • देश की पहली बुलेट ट्रेन | **कार्य प्रारम्भ**- 14 सितम्बर 2017, **सफर**- अहमदाबाद के साबरमती स्टेशन से मुम्बई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच सेवा देगी, **सहायक देश**- जापान,<br>**गति**- डिजाइन 350 किमी/घण्टा व अधिकतम संचालन गति 320 किमी/घण्टा, **लागत**- 1.10 करोड़, **रेल मार्ग की कुल लम्बाई**- 580 किमी। |
| • यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल होने वाला पहला भारतीय शहर | 15वीं शताब्दी में सुल्तान अहमद शाह द्वारा बसाया गया ऐतिहासिक शहर **अहमदाबाद** को यूनेस्को की 41वीं वार्षिक बैठक, जो 2-12 जुलाई 2017 को पोलैण्ड में क्राको में सम्पन्न हुई, में यह निर्णय लिया गया। यह विश्व विरासत सूची में शामिल किया जाने वाला **भारत का पहला व एशिया का तीसरा** शहर है। इस प्रकार इस सूची में भारतीय स्थलों की संख्या **36** हो गयी है जिसमें से **28 स्थल** सांस्कृतिक स्थल की श्रेणी तथा 7 स्थल प्राकृतिक स्थल की श्रेणी व 1 मिश्रित स्थल की श्रेणी में शामिल है। |
| • देश का सबसे लम्बा पुल | ढोला सदिया पुल (भूपेन हजारिका का पुल), **नदी**- ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी लोहित नदी पर, असम से अरूणाचल प्रदेश को जोड़ने वाला, **कुल लम्बाई**- 9.15 किमी। |
| • देश में इलेक्ट्रिक बस चलाने वाला पहला राज्य | हिमाचल प्रदेश |

| नवीन पहल | देश में प्रथम |
|---|---|
| • देश की पहली ग्रीन फील्ड स्मार्ट सिटी | राँची |
| • ISO-9001 प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश का प्रथम पुलिस नियंत्रक कक्ष | यूपी 100 का नियंत्रक कक्ष। |
| • देश का पहला खुले में शौचमुक्त गांव | नगला अकोली, एटा (उ.प्र.) |

• यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल भारतीय शहर

| वर्ष | शहर | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| 2015 | जयपुर | हस्तशिल्प व लोक कला हेतु सूची में शामिल किया गया। |
| 2015 | वाराणसी | संगीत |
| 2017 | चेन्नई | समृद्ध संगीत परम्परा के चलते सूची में शामिल किया गया। चेन्नई भारत में कर्नाटक संगीत (शास्त्रीय संगीत की दक्षिण भारतीय शैली) का प्रमुख केन्द्र है। |

• यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची

1. योग, 2. नौरोज (1 दिसम्बर 2016 में सूची में शामिल किये गये), 3. कुम्भ मेला (7 दिसम्बर 2017 को सूची **में शामिल भारतीय स्थान** शामिल किया गया)

***नोट:*** महाकुम्भ का आयोजन 12 साल में होता है जबकि प्रयाग और हरिद्वारा में प्रत्येक 6 साल बाद अर्द्धकुम्भ का आयोजन होता है। कुम्भ मेले का आयोजन– **इलाहाबाद (प्रयाग), उज्जैन, हरिद्वार** तथा **नासिक** में होता है।

• जीरो हंगर प्रोग्राम शुरू करने वाले देश के तीन शहर

16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस (World Food Day) के अवसर पर कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु भुखमरी मुक्त कार्यक्रम (Zero Hunger Programme) देश के तीन शहरों में शुरू किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत गोरखपुर (उ.प्र.), कोरापुट (ओडिशा), थाने (महाराष्ट्र) में शुरू की गई है।

• सौर ऊर्जा से चालित देश की पहली ट्रेन

14 जुलाई 2017 को देश की पहली सौर ऊर्जा से चालित ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से हरियाणा के फारूख नगर तक चलेगी।

***नोट:*** 1600 हॉर्स पॉवर की डीजल इलैक्ट्रिक मल्टीपल युनिट-डेमू (Diesel Electric Multiple Unit-DEMU) ट्रेन बैटरी बैंक की विशिष्ट सुविधा से युक्त है। इस ट्रेन के डिब्बों में प्रकाश, पंखे और सूचना डिस्पले प्रणाली उनकी छतों पर लगे सौर पैनलों से संचालित होगी।

• देश के सबसे पिछड़े जिले

नीति आयोग द्वारा एक ऐसी सूची जारी की गयी जिसमें विकास के नज़रिए से देश के सबसे पिछड़े जिलों का उल्लेख किया गया है:-

| जिला | राज्य |
|---|---|
| नूह (मेवात) | हरियाणा |
| आसिफाबाद | तेलंगाना |
| सिंगरौली | मध्यप्रदेश |
| किफिरे | नागालैण्ड |

| नवीन पहल | देश में प्रथम |
|---|---|
| | ***नोट:*** आयोग द्वारा ऐसी रैंकिंग का उद्देश्य इन जिलों में आपसी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाकर विकास के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके लिए आयोग द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत बुनियादी ढांचे, वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास क्षेत्रों के 49 विकास मानकों के आधार पर देश के 101 पिछड़े जिलों की रैंकिंग की गयी। सरकार ने इन जिलों को **आकांक्षापूर्ण जिले** (Aspirational Districts) का नाम दिया गया। |
| • देश का पहला आल वुमेन स्टेशन | जयपुर का गांधीनगर रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे ने अनोखा प्रयोग करते हुए इस स्टेशन में स्टेशन मास्टर, इंजीनियर, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षण, प्वांइट्स मैन और गेट मैन तक के सभी पदों पर महिलाएं होंगी। |
| • देश का पहला ऊर्जा युक्त रेलवे स्टेशन | दक्षिण मध्य रेलवे के तहत कार्यरत कचेगुड़ा रेलवे स्टेशन ने भारतीय रेलवे का पहला ऊर्जा–दक्ष ए–1 श्रेणी रेलवे स्टेशन होने का गौरव अर्जित किया है। |
| • ग्रीन प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली पहली मेट्रो | दिल्ली मेट्रो दुनिया की पहली ऐसी हरित मेट्रो है जिसने ग्रीन मेट्रो का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके लिए इसने कठिनतम प्लेटिनम रेटिंग प्राप्त की है।<br>***नोट:*** दिल्ली मेट्रो, एक वातानुकूलित और पर्यावरण अनुकूल मास रैपिड ट्रांसपोर्ट (MRT) प्रणाली से युक्त मेट्रो है। |
| • भारत के खुले में शौच से मुक्त होने वाले राज्य | आर्थिक समीक्षा 2017–18 के अनुसार भारत के अब तक 9 राज्य और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों ने खुले में शौच से मुक्त होने की उपलब्धि हासिल की है–<br>**राज्य–** 1. सिक्किम, 2. हिमाचल प्रदेश, 3. केरल, 4. हरियाणा, 5. उत्तराखण्ड, 6. छत्तीसगढ़, 7. अरूणाचल प्रदेश, 8. गुजरात, 9. मेघालय।<br>**केन्द्र शासित प्रदेश–** 1. दमन और दीव, 2. चंडीगढ़<br>***नोट:*** वर्ष 2014 में खुले में शौच जाने वाले व्यक्तियों की आबादी 55 करोड़ थी जो जनवरी 2018 में घटकर 25 करोड़ हो गयी। |
| • भारत के शीर्ष ग्रॉस एन्रोलमेंट राशन (Gross Enrolment Ration-GER) वाले राज्य व संघ शासित क्षेत्र | मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर द्वारा 5 जनवरी 2018 को वर्ष 2016–17 के लिए जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण में **सकल नामांकन अनुपात (GER)** में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला राज्य व संघ शासित क्षेत्र क्रमशः **तमिलनाडु (46.9 प्रतिशत) व पुडुचेरी (56.1 प्रतिशत)** है। |
| • भारत का सबसे बड़ा तैरता हुआ सोलर प्लांट | 4 दिसम्बर 2017 को केरल के विद्युत मंत्री एम.एम. मणि द्वारा केरल के वायनाडा जिले के बाणसुर सागर बांध में 500 किलोवाट की क्षमता वाला तैरता हुआ सोलर पैनल का शुभारंभ किया गया। यह वर्ष भर में 7 लाख यूनिट बिजली पैदा करेगा।<br>***नोट:*** यह सौर संयंत्र तिरूवनंतपुरम स्थित ऐड टेक सिस्टम्स द्वारा निर्मित किया गया है। |
| • भारत का पहला विमानन विश्वविद्यालय | रायबरेली जिले के फुर्सतगंज (रायबरेली और अमेठी के मध्य स्थित) में स्थापित किया गया है। राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (Rajiv Gandhi National Aviation University) देश का पहला विमानन विश्वविद्यालय है। |
| • मार्शल आईलैण्ड | मार्शल आइजलैंड विश्व का पहला देश है जिसने कानूनी तौर पर बकायदा विधेयक पारित कर क्रिप्टो करेंसी को मान्यता प्रदान की। मार्शल आइजलैंड ने क्रिप्टो करेंसी जारी रखने के लिए इजराइल की कंपनी नीमा के साथ समझौता कर सॉव (**SOV**) नामक क्रिप्टो करेंसी जारी की।<br>**नोट:** 29 फरवरी 2018 को वेनजुएला ने एक गैर पारंपरिक फैसला लेते हुए तेल आधारित क्रिप्टो करेंसी **पेट्रो** को शुरूआत की घोषणा की। यह सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त दुनिया की पहली क्रिप्टो करेंसी है। |

## सामाजिक, आर्थिक लक्ष्य (2018 से 25) (Social and Economic Targets)

| वर्ष | लक्ष्य |
|---|---|
| 2019 | बेघर व कच्चे मकानों में रहने वाले 1 करोड़ लोगों को वर्ष 2019 तक आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। |
| 2019 | गांधी जी की 150वीं जयंती अर्थात् वर्ष 2019 तक 1 करोड़ परिवारों को गरीबी से निजात दिलाने के साथ ही 50 हजार ग्राम पंचायतों को गरीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। |
| 2019 | भारतीय रेल की सभी कोचों में **जैव शौचालय** लगाये जाने का लक्ष्य है। |
| 2020 | 'खसरा मुक्त भारत' का लक्ष्य है। |
| 2025 | तपेदिक को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। |
| 2022 | कृषकों की आय को दो-गुना करने का लक्ष्य है। |

## भारत में महिलाओं का राजनीति में सशक्तीकरण (Women Empowerment in Indian Politics)

- संसद और सार्वजनिक पटल पर निणायक भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सशक्तीकरण के प्रमुख संकेतकों में से एक है।
- राजनीति में महिलाएँ 2017 नामक रिपोर्ट में, भारत में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण के महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले गये हैं, जो निम्नवत् हैं:-
  - लोक सभा में 64 महिलाएं सांसद के रूप में अपनी स्थिति दर्ज करवाती हैं। यह 64 महिला सांसद कुल संसद सदस्य (542) का मात्र 11.8 प्रतिशत है। राज्य सभा में 27 महिलाएं राज्य सभा सदस्य हैं। यह 27 महिलाएं कुल राज्य सभा सदस्यों (245) का मात्र 11 प्रतिशत है। अक्टूबर, 2016 की स्थिति के अनुसार देश भर में कुल 4118 विधान सभा सदस्यों में केवल 9 प्रतिशत महिलाए थी।
  - राज्यों की विधान सभा में महिलाओं का सर्वोच्च प्रतिशत 14 प्रतिशत बिहार, हरियाणा और राजस्थान में था। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल तथा 12 प्रतिशत के साथ पंजाब का स्थान था।
  - भारत जैसे देश में, जहां महिलाओं की आबादी लगभग 49 प्रतिशत है राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम रही है। विशेषकर पुरूष-प्रधान मानकों का अनुसरण करने वाले और पक्षपाती समाज में विभिन्न कारक लोक सेवा में महिलाओं की भागीदारी निर्धारित करते हैं।
  - रवांडा जैसे विकासशील देश में वर्ष 2017 में संसद में 60% महिला प्रतिनिधि हैं, जबकि मिस्र, भारत, ब्राजील, मलेशिया, जापान, श्रीलंका और थाईलैण्ड जैसे देशों में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 15 प्रतिशत या उससे कम है।
- महिलाओं को राजनीति में आने से रोकने वाले शीर्ष 5 कारक हैं:- 1. घरेलू जिम्मेदारियां, 2. समाज में महिलाओं की भूमिका संबंधी प्रचलित सांस्कृतिक दृष्टिकोण, 3. परिवार से समर्थन की कमी, 4. विश्वास की कमी, 5. वित्त की कमी।
- महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व की भूमिका को बढ़ावा देने के लिये भारत के संविधान के अनुच्छेद-243घ(3) में यह प्रावधान है कि महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कुल संख्या के 1/3 से कम न हों। अनुच्छेद-243घ(4) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक स्तर पर पंचायतों में अध्यक्षों के कुल पदों के 1/3 तक पद महिलाओं के लिए आरक्षित हों।
- भारत के स्थानीय शासन स्तरों पर महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व रहा है, किन्तु यह राज्य दर राज्य भिन्न है। दिसम्बर, 2017 तक पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या 13.72 लाख है, जो कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों का 44.2 प्रतिशत बैठती है।
- देश भर में कुल ग्राम पंचायतों में 43 प्रतिशत महिला सरपंच होना स्थानीय शासन में महिलाओं के सक्रिय नेतृत्व को दर्शाता है।

*नोट:*

- **15 राज्य जहाँ बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार है–** 1. उ.प्र., 2. उत्तराखण्ड, 3. हरियाणा, 4. राजस्थान, 5. म.प्र., 6. छत्तीसगढ़, 7. झारखण्ड, 8. अरूणाचल प्रदेश, 9. असम, 10. गोवा, 11. महाराष्ट्र, 12. मणिपुर, 13. गुजरात, 14. हिमाचल प्रदेश, 15, त्रिपुरा।
- **5 राज्य जहाँ गठबन्धन सरकार में रहते हुए भाजपा सत्तारूढ है–** 1. बिहार, 2. जम्मू कश्मीर, 3. नागालैण्ड, 4. सिक्किम, 5. मेघालय।
- **5 राज्य जहाँ विधान सभा चुनाव 2018 में सम्भावित है–** 1. कर्नाटक, 2. मिजोरम, 3. छत्तीसगढ़, 4. मध्यप्रदेश, 5. राजस्थान।

**तालिका 9.1: भारत की उपलब्धियाँ**

| समयावधि | उपलब्धि | महत्व |
|---|---|---|
| 19 जनवरी 2018 | भारत आस्ट्रेलिया समूह का 43वाँ सदस्य बना | • 1958 में स्थापित आस्ट्रेलिया समूह एक स्वैच्छिक तथा अनौपचारिक संगठन है।<br>• यह समूह रासायनिक और जैविक हथियारों के विकास को बढ़ावा देने वाली सामग्री, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के प्रसार को रोकने के लिए कार्य करता है।<br>• वर्तमान में इस समूह के 43 सदस्य (42 देश भारत सहित व यूरोपीय संघ) हैं। |
| 08 दिसम्बर 2017 | भारत वासेनार व्यवस्था का 42वा सदस्य | • 1996 में वासेनार व्यवस्था की स्थापना की गयी थी।<br>• इसका मुख्यालय वियना (आस्ट्रिया) में है।<br>• यह एक बहुपक्षीय शस्त्र निर्यात नियंत्रण समूह है। |
| 20 जुलाई 2017 | भारत जापान के मध्य सिविल परमाणु समझौता | • 11 नवम्बर 2016 को प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा के दौरान टोक्यों में इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए।<br>• 7 जून 2017 को जापान की संसद डायट ने इस समझौते पर अपनी मुहर लगायी।<br>• 20 जुलाई 2017 को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपभोग में सहयोग करने वाला यह समझौता प्रभावी हुआ। |

## विश्व जगत व भारत (World and India)

| उपलब्धि | महत्व |
|---|---|
| • सर्वाधिक शस्त्र आयातक देश | • 12 मार्च 2018 को थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (Stokhom International Peace Research Institute-SIPRI) द्वारा वर्ष 2013-2017 की अवधि के बीच सर्वाधिक शस्त्र आयातकर्ता देश हैं- 1. भारत, 2. सऊदी अरब, 3. मिस्र, 4. यूएई, 5. चीन<br>• भारत को सर्वाधिक हथियार निर्यात करने वाले देश है- 1. रूस (62 प्रतिशत), 2. अमेरिका (15 प्रतिशत), 3. इजराइल (11 प्रतिशत)।<br>• वर्ष 2013-17 की अवधि के मध्य सम्पूर्ण विश्व में सर्वाधिक शस्त्र निर्यात करने वाले देश हैं- 1. अमेरिका, 2. रूस, 3. फ्रांस, 4. जर्मनी, 5. चीन |
| • विश्व की सर्वाधिक मजबूत सेना | • ग्लोबल फायर पॉवर द्वारा जारी मिलिटरी स्ट्रेंथ रैंकिंग 2017 के अनुसार विश्व की सर्वाधिक मजबूत सेना रखने वाले देश है 1. अमेरिका, 2. रूस, 3. चीन, 4. भारत, 5. फ्रांस।<br>***नोट:*** पाकिस्तान को 13वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। |
| • विश्व के सबसे सस्ते शहर | • इकोनॉमिक इंटेलीजेन्स यूनिट द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार विश्व के सबसे सस्ते शहर में भारत के तीन शहरों को शामिल किया गया है<br>1. बंगलुरू, 2. चेन्नई, 3. नई दिल्ली। |

## विधायिका में अपराधी या अपराधियों की विधायिका

- **लोक सभा (543 सदस्य)- सोलहवीं लोक सभा (2014)**

  184 सांसदों (34 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में आपराधिक वाद लम्बित हैं।

  76 सांसदों (14 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में गम्भीर प्रकृति के आपराधिक वाद लम्बित हैं।
- **राज्य विधान सभाएं (कुल विधान सभा सदस्य 4032)**

  1258 विधायकों (31 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में आपराधिक वाद लम्बित हैं।

  564 सांसदों (14 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में गम्भीर प्रकृति के आपराधिक वाद लम्बित हैं।
- वी एसोसिएशन फॉर डमोक्रेटिक रिफार्न्स तथा नेशनल इलेक्शन वाच के अनुसार **भारत के 11 मुख्यमंत्रियों (35 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में आपराधिक वाद लम्बित हैं।**
- केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक शपथ पत्र के अनुसार देश के 1765 सांसद और विधायक (36 प्रतिशत) के विरूद्ध न्यायालयों में 3045 आपराधिक वाद लम्बित हैं देश में सांसदों और विधायकों की कुल संख्या 4898 है।
- उत्तर प्रदेश में 539 सांसदों/विधायकों में से 248 (46%), तमिलनाडु में 324 सांसदों/विधायकों में से 178 (52.5%), बिहार में 306 सांसदों/विधायकों में से 144 (47.0%), पश्चिम बंगाल में 303 सांसदों/विधायकों में से 139 (45.87%), आन्ध्र प्रदेश में 140 सांसदों/विधायकों में से 132 (94.24%), दिल्ली में 118 सांसदों/ विधायकों में से 84 (71.19%) तथा कर्नाटक में 137 सांसदों/विधायकों में से 8 2 (60.37%) के विरूद्ध आपराधिक वाद न्यायालयों में लम्बित हैं।

## जमानत राशि (1 फरवरी 2010 से प्रभावी)

- लोक सभा चुनाव - सामान्य वर्ग हेतु — 10,000 रूपये
- लोक सभा चुनाव - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार हेतु — 5,000 रूपये
- राज्य सभा, विधान सभा, विधान परिषद चुनाव - सामान्य वर्ग हेतु — 5,000 रूपये
- राज्य सभा, विधान सभा, विधान परिषद चुनाव - अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति — 2,500 रूपये

***नोट:*** यदि कोई उम्मीदवार कुल वैध मतों का 1/6 से कम मत प्राप्त कर पाता है, तो उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।

## भारतीय कृषि की दशा व दिशा

- भारत में कृषि विकास में उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, क्योंकि भारत में कृषि का 50% से अधिक क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है। इस क्षेत्र में हालिया वर्षों में धीरे-धीरे ढांचागत परिवर्तन देखे गए हैं, जिसके चलते कृषि के सकल मूल्य वर्धन (GVA) में पशुधन का हिस्सा धीरे-धीरे बढ़ रहा है।
- भारत में कृषि क्षेत्र में देखे जा रहे ढांचागत परिवर्तन संबद्ध कार्यकलापों जैसे-डेयरी, स्त्री-पुरूष संबंधी-विशिष्ट हस्तक्षेप (कृषि में महिलाओं की भूमिका) सहित पशुधन विकास पर ध्यान देते हुए कृषि मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने के संदर्भ में, इस क्षेत्र से जुड़ी नीतियों को नई दिशा देना जरूरी बना देता है।
- जनगणना 2011 के अनुसार कुल महिला प्रमुख कामगारों में से 55 प्रतिशत कृषि श्रमिक और 24 प्रतिशत खेतीहर थीं।
- वर्तमान में प्रचालनरत जोत क्षेत्रों में मात्र 12.8 प्रतिशत का स्वामित्व महिलाओं के पास था, जो कृषि में जोत क्षेत्रों के स्वामित्व में स्त्री-पुरूष असमानता प्रतिबिंबित करता है।
- यू.एस.जी.एस (USGS (United State Geological Survey) 2017 के अनुसार विश्व के निवल कृषि भूमि क्षेत्र का 179.8 मिलियन हेक्टेयर भारत के पास है, जो वैश्विक निवल कृषि भूमि क्षेत्र का 9.6 प्रतिशत है, तथा विश्व में सर्वाधिक है।
- वैश्विक निवल फसल भूमि क्षेत्र का 9.6 प्रतिशत रखने के चलते भारत के पास फसल विविधीकरण और खेतीबाड़ी को सतत और लाभदायक आर्थिक कार्यकलाप बनाने की प्रचुर संभावना है।
- फसल लगाने की पद्धति विभिन्न कारकों जैसे-कृषि जलवायु परिस्थितियों, खेत का आकार, कीमत, लाभप्रदता और सरकारी नीतियों द्वारा निर्धारित होती है।
- कृषक 'विविध फसल पद्धति' को अपनाकर कीमत के झटकों और उत्पादन/पैदावार से जुड़ी हानियों के संदर्भ में उठा रहे जोखिमों को समाप्त कर सकते हैं। साथ ही मृदा स्वास्थ्य, उत्पादकता में सुधार के लिये भी यह पद्धति लाभकारी सिद्ध हो सकती है।
- वर्तमान में उच्च मूल्य की फसलों तथा बागवानी फसलों को अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही फसलों में 'विविधता' लाने की आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार ने बहुत से उपाय किये हैं, जैसे सरकार ने मूलरूप से हरित क्रांति वाले राज्यों अर्थात पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों जैसे-तिलहन, दलहन, मोटे अनाज, कृषि वानिकी की ओर ले जाने का प्रयास किया है। वहीं इसी क्रम में तम्बाकू उत्पादक राज्यों जैसे आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल में तम्बाकू की फसल उगाने वाले किसानों को वैकल्पिक फसल तंत्र की ओर ले जाने के लिए 'फसल विविधीकरण कार्यक्रम' क्रियान्वित किया जा रहा है।